प्रैस विज्ञप्ति

आज 22 जुलाई 2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में वृक्षारोपण पखवाड़ा के अंतर्गत डॉ0 संजीव गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक की देख रेख में पौधा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भिन्न भिन्न किस्म के फलदार पौधे जैसे कि जामुन, अमरूद, इमली, पिलखन इत्यादि के लगभग 400 पौधे वितरित किए गए। इन पौधों को सभी लोग अपने गांव, खेत, तालाब, पार्क एवं घरों के आसपास लगाकर उनकी जियो टैग तस्वीरें महाविद्यालय से सांझा करेंगे तथा इन पौधों के रखरखाव का ध्यान रखते हुए हर 6 महीने में फिर से जियो टैग तस्वीर को समझा करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकांत गुप्ता ने इस समारोह की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा पर्यावरण को बचाने में छात्रों तथा शिक्षकों की भूमिका की सराहना की।